# कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 10 लाख युवाओं को प्रदेश में मिलेगा रोजगार

## सूबे में इस सेक्टर में एक हजार स्टार्टअप किए जाएंगे स्थापित

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : प्रदेश में कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 10 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। नवाचार को बढ़ावा देने के साथ एक हजार स्टार्टअप स्थापित किए जाएंगे। नई प्रौद्योगिकी को विकसित कर अन्नदाताओं को सशक्त बनाया जाएगा। योगी सरकार ने इस क्षेत्र में 10 बिलियन डालर की अर्थव्यवस्था स्थापित किए जाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए वर्ल्ड बैंक और गूगल जैसी अंतरराष्ट्रीय दिग्गज संस्थाओं की मदद ली जाएगी। यह कृषि क्षेत्र में

● नवाचार को बढ़ावा देकर अन्नदाता को बनाएंगे सशक्त

नवीनतम टेक्नोलाजी का विकास करने में युवाओं की पूरी मदद करेंगी। कृषि को आधुनिक, उच्च तकनीक युक्त, लाभदायक व टिकाऊ उद्योग बनाने पर पूरा जोर दिया जा रहा है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित किया जाएगा। मशीनरी, पैकेजिंग और प्रोसेसिंग इत्यादि में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएंगे। नवीन कृषि प्रौद्योगिकी को अपनाने और वितरण को बढ़ावा देने के लिए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का सहयोग लिया जाएगा। कृषि प्रौद्योगिकी कंपनियों व एफपीओ के सहयोग से किसानों को लाभ होगा।

यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें